गाजियाबाद, दिल्ली एवं नोएडा से एक साथ प्रकाशित

R.N.I.NO. UPHIN/1998/202



# हिन्द आत्मा



केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

दैनिक

प्रातः कालीन संस्करण

दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, मोदीनगर, बागपत, हापुड, बुलन्दशहर, मुरादाबाद एवं लखनऊ में सर्वाधिक प्रसारित

वर्ष: 27 ● अंक: 46 ● गाजियाबाद, शुक्रवार 16 मई, 2025 ● सम्पादक-अशोक कौशिक ● मूल्य : 1 रूपया

## बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा उत्तर प्रदेश, योगी सरकार ने सीड पार्क स्थापना को दी मंजूरी

### प्रदेश में पांच सीड पार्क स्थापित होंगे, ग्रामीण रोजगार व कृषि अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आयाम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर स्थापित किए जाने वाले सीड पार्क को प्रदेश के 5 क्लाइमेटिक जोन में चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के तहत पहले सीड पार्क की स्थापना लखनऊ जिले के अटारी स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र की 130.63 एकड़ भूमि पर की जाएगी, जिस पर 266.70 करोड़ रुपए का अनुमानित व्यय होगा। सीड पार्क के माध्यम से बीज उत्पादन, प्रोसेसिंग, भंडारण, स्पीड ब्रीडिंग व हाइब्रिड लैब जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, पश्चिमी, तराई, मध्य, बुंदेलखंड एवं पूर्वी जोन में कृषि जलवायु क्षेत्रों के अनुरूप सीड पार्क स्थापित किए जाएंगे। गुरुवार को लोकभवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को अनुमोदन प्राप्त हुआ।

### बीज व्यवसायियों को प्रदान की जाएंगी रियायतें

प्रस्ताव के विषय में जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार इन सीड पार्कों में निवेश करने वाले बीज व्यवसायियों को विभिन्न रियायतें प्रदान करेगी, ताकि निजी निवेश को बढ़ावा मिल सके। बीज उद्योगों को 30 वर्ष की लीज पर भूमि दी जाएगी, जिसे आवश्यकता अनुसार 90 वर्षों तक बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एक सीड पार्क से लगभग 1200 लोगों को प्रत्यक्ष तथा 3000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इसके साथ ही लगभग 40,000 बीज उत्पादक किसान इन पार्कों से सीधे तौर पर जुड़ेंगे। पूरे प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना से 6000 प्रत्यक्ष एवं 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा कृषि राज्य है, जिसका कुल कृषि क्षेत्रफल 162 लाख हेक्टेयर है। यहां हर साल लगभग 139.43 लाख कुंतल बीज की आवश्यकता होती है, जबकि वर्तमान में इसकी पूर्ति में प्रदेश को दूसरे राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। सीड पार्कों की स्थापना से यह निर्भरता समाप्त होगी और स्थानीय स्तर पर किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उचित दामों पर सुलभ होंगे। इसके साथ ही बीज प्रतिस्थापन दर में वृद्धि के साथ उत्पादकता बढ़ेगी और इससे प्रदेश के किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही, उत्तर प्रदेश गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर अन्य राज्यों को भी बीज आपूर्ति करने की स्थिति में आ जाएगा।

### 71 ग्रामीण विधानसभाओं में 100 करोड़ की लागत से बनेंगे पंचायत उत्सव भवन

योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मांगलिक आयोजनों की सुविधा बढ़ाने के लिए ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक विवाह घर बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रिपरिषद ने इसे पंचायत उत्सव भवन का नाम दिया है। प्रथम चरण में 71 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में इन उत्सव भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर 100 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान है। प्रत्येक उत्सव भवन पर 1.41 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत आएगी। इसमें उत्तर प्रदेश मातृ भूमि यजना के अंतर्गत दानदाता द्वारा 60 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत धनराशि दी जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित 7 सदस्यीय कमेटी द्वारा पंचायत उत्सव भवन की भूमि चिह्नित की जाएगी।

### नागरिक उड्डयन निदेशालय के संविदा कर्मियों को राहत, पारिश्रमिक पुनर्निर्धारण को दी मंजूरी

योगी सरकार ने नागरिक उड्डयन निदेशालय में संविदा पर कार्यरत तकनीकी व गैर-तकनीकी कार्मिकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए इन संविदा कर्मियों के पारिश्रमिक का पुनर्निर्धारण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय पायलट, विमानन अभियंता, क्वॉलिटी मैनेजर, अपर निदेशक (तकनीकी), प्रबंधक (परिचालन), चीफ ऑफ फ्लाइट सेफ्टी सहित अन्य पदों पर कार्यरत संविदा कर्मियों पर लागू होगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जबसे सातवां वेतन आयोग लागू हुआ है, इन कर्मियों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पायलट के स्लैब को 2.5-7 लाख से बढ़ाकर 5-10 लाख कर दिया गया है। को-पायलट का वर्तमान स्लैब 1.25 लाख से 6 लाख के स्थान पर 3 लाख से 7 लाख कर दिया गया है। वर्तमान में कार्यरत पायलटों के वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस पर 5 करोड़ 27 लाख रुपए का अतिरिक्त व्यय आएगा।

## पाक के हाथ में सुरक्षित नहीं परमाणु हथियार, आईएईए की निगरानी में रहें: राजनाथ सिंह



**श्रीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को फिर आगाह करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत किसी भी हद तक जा सकता है। यह इससे भी जाहिर है कि हम पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों की परवाह नहीं करते। पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे गैर-जिम्मेदाराना तरीके से पाकिस्तान ने भारत को एटमी धमकियां दीं। आज मैं पूरी दुनिया के सामने सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैर-जिम्मेदार और दुष्ट राष्ट्र के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर पहुंचे रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, पाकिस्तान के एटमी हथियारों को इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में लिया जाना चाहिए। घाटी में सेना की कमान संभालने वाली चिनार कोर के मुख्यालय में उन्होंने सैन्य अधिकारियों और जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए उनकी पीठ थपथपाई। बादामी बाग छावनी में अपने संबोधन के दौरान सिंह ने पाकिस्तान को चेताया कि वह अपनी जमीन पर आतंकवाद को पालना-पोसना बंद करे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत कभी युद्ध का पक्षधर नहीं रहा, पर जब हमारी संप्रभुता पर हमला होगा, तो हम जवाब देंगे। पाकिस्तान को भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने की कीमत चुकानी पड़ रही है। अगर यह जारी रहा, तो कीमत बढ़ती जाएगी। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में छिपे आतंकी संगठनों और उनके आकाओं को साफ संदेश दे दिया कि वे कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। हमारी सेनाओं ने दुनिया को दिखा दिया कि उनका निशाना सटीक और कारगर है। शवों की गिनती का काम दुश्मनों पर छोड़ दिया गया है। वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था आईएईए ने पाकिस्तान के ठिकानों को लेकर भारत के संयम की पुष्टि कर दी है। आईएईए ने बताया है कि पाकिस्तान में किसी भी परमाणु केंद्र से कोई विकिरण रिसाव या उत्सर्जन नहीं हुआ। भारत पहले ही किसी भी परमाणु ठिकाने को निशाना बनाने की बात से इन्कार कर चुका है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पैंतीस-चालीस वर्षों से भारत सरहद पार से चलाए जा रहे आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। इस दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, उत्तर कमांड के सेना प्रमुख प्रतीक शर्मा भी मौजूद रहे।

### दुश्मन को चुकानी होगी बड़ी कीमत

आपको याद होगा कि लगभग इक्कीस साल पहले अटलजी के सामने इसी पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में घोषणा की थी कि अब उनकी धरती से आतंकवाद एक्सपोर्ट नहीं किया जाएगा, मगर पाकिस्तान ने भारत को धोखा दिया और आज भी धोखा दिए जा रहा है। इसका खामियाजा अब उसको भारी कीमत अदा करके भुगतना पड़ रहा है। और यदि आतंकवाद चलता रहा तो यह कीमत बढ़ेगी।

### पाकिस्तान ने किया राजनाथ के बयान का विरोध

दुश्मनी घटाने के लिए 10 मई को बनी सहमति के बाद भारत-पाकिस्तान ने विश्वास बहाली के उपायों को जारी रखने का फैसला लिया है, ताकि सतर्कता स्तर में कमी की जा सके। हालांकि पाकिस्तान ने अपने हथियार सुरक्षित हाथों में न होने के भारतीय रक्षा मंत्री के बयान का विरोध किया है। पाकिस्तान के विदेश विभाग के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी आईएईए के अधिकार और जिम्मेदारियों के प्रति उनकी अज्ञानता को दर्शाता है। पाकिस्तान की पारंपरिक क्षमताएं भारत के हमले को रोकने के लिए पर्याप्त हैं, और इसके लिए परमाणु ब्लैकमेल की जरूरत नहीं है। उधर, भारतीय सेना के एक अधिकारी ने कहा कि दोनों सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच 10 मई को बनी सहमति जारी रखने का निर्णय लिया गया है। यह स्पष्टीकरण ऐसे समय पर आया जब पाकिस्तानी सेना की तरफ से कहा गया कि शत्रुता खत्म करने पर बनी सहमति का विस्तार 18 मई तक किया गया है।

## 'पॉक्सो कोर्ट स्थापित करे सरकार', सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिए निर्देश; अधिकारियों को संवेदनशील बनाने को कहा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से जुड़े मामलों के लिए पॉक्सो अदालतों को उच्च प्राथमिकता पर स्थापित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम के तहत विशेष अदालतों की संख्या कम होने से मामलों के निपटारे में देरी हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों से विशेष रूप से निपटने के लिए उच्च प्राथमिकता के आधार पर पॉक्सो अदालतें स्थापित करे। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामलों के लिए विशेष अदालतों की संख्या अपर्याप्त होने की वजह से कानून निर्धारित समयसीमा का पालन नहीं हो पा रहा है।

पीठ ने कहा कि इसलिए यह अपेक्षा की जाती है कि केंद्र और राज्य सरकारें पॉक्सो मामलों की जांच से जुड़े अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए उचित कदम उठाएंगी। साथ ही सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पॉक्सो मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतें भी बनाई जाएंगी। शीर्ष अदालत ने कानून में निर्धारित अवधि के भीतर आरोपपत्र दाखिल करने के अलावा निर्धारित समय सीमा के भीतर मुकदमे की सुनवाई पूरा करने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि अधिकांश राज्यों ने केंद्र से वित्त पोषण प्राप्त कर पॉक्सो मामलों के लिए विशेष अदालतें स्थापित करने के निर्देशों का अनुपालन किया है जबकि तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों ने ऐसा नहीं किया है। ऐसे मामलों की बड़ी संख्या को देखते हुए अधिक पॉक्सो अदालतों की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्यायमित्र वी गिरी और वरिष्ठ अधिवक्ता उत्तरा बब्बर को पॉक्सो अदालतों की स्थिति पर राज्यवार ब्यौरा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें बच्चों के यौन शोषण की घटनाओं की संख्या में चिंताजनक वृद्धि को रेखांकित किया गया है।

## 3.25 लाख सीआरपीएफ जवानों को राहत, 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते छुट्टियां रद्द होने का आदेश हुआ वापस



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने जब पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों और एयरबेस पर स्ट्राइक की तो सुरक्षा कारणों के चलते केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं। जो भी जवान और अधिकारी, छुट्टी पर थे, उन्हें वापस बुलाने का आदेश जारी किया गया था। सात मई को जारी आदेश की वजह से सभी केंद्रीय बलों के जवान/अधिकारी, छुट्टी से वापस डयूटी पर लौट आए थे। अब सीआरपीएफ ने छुट्टियां रद्द होने के आदेश को वापस ले लिया है। जवानों और अधिकारियों को पहले की भाँति नियमानुसार छुट्टियाँ मिल सकेंगी। बता दें कि पिछले माह हुए पहलगाम हमले के बाद भारत ने सात मई को पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद पाकिस्तान के कई दूसरे ठिकाने भी भारतीय वायुसेना के निशाने पर आ गए थे। दोनों मुल्कों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए केंद्रीय बलों की अतिरिक्त कंपनियों को जम्मू-कश्मीर में तैनात किया गया था। दस मई को दोनों देशों के बीच सीज फायर हो गया था। इसके चलते केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं। छुट्टी पर गए जवानों और अधिकारियों ने तुरंत प्रभाव से डयूटी जॉइन कर ली थी। कई जवान ऐसे भी थे, जिनकी छुट्टी शुरू ही हुई थी कि एकाएक उक्त आदेश आ गया। गुरुवार को सीआरपीएफ ने सभी सेक्टरों/यूनिटों, ट्रेनिंग सेंटर और बल की दूसरी इकाइयों के लिए यह आदेश जारी किया है कि अब सात मई का आदेश त्वरित प्रभाव से वापस लिया जाता है। यानी अब पहले की तरह जवान और अधिकारी, नियमों के मुताबिक, तय छुट्टियाँ ले सकेंगे।

साथ ही सीआरपीएफ में ऑपरेशन सिंदूर के चलते ट्रांसफर आदेशों को भी रोक दिया गया था। ऐसे अधिकारी और कर्मचारी, जो सात मई तक रिलीव नहीं हुए थे, उन्हें आगामी आदेशों तक अपने पहले वाले स्थान पर ही रहने के आदेश जारी किए गए थे। इस आदेश में कहा गया था कि देश के मौजूदा सुरक्षा परिद्रश्य में यह निर्णय लिया गया है कि जो जिस स्टेशन पर भी तैनात है, उसे वहीं पर रखा जाए। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव में किसी भी वक्त जवानों की मूवमेंट हो सकती है। अब ट्रांसफर प्रक्रिया भी पहले की भांति जारी रहेगी।

## विधायक संजीव शर्मा, जिलाधिकारी ने किया श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

### प्रस्तावित समस्त कार्य निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकानुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण कराएं : जिलाधिकारी दीपक मीणा









हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का विधायक सदर संजीव शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जीडीए सचिव राजेश सिंह सहित अन्य गणमान्य अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मल्टीपरपज हॉल की स्लैब की शटरिंग का कार्य व मन्दिर के मुख्य द्वार पर पत्थर की क्लेडिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने निर्देश दिये कि मन्दिर परिसर में प्रस्तावित समस्त कार्य निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकानुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण कराये जायें। कार्य को तीव्र प्रगति से पूर्ण कराया जाये एवं सम्पादित कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने की उचित व्यवस्था की जाये। इस दौरान वर्तमान एवं आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में विधायक सदर संजीव शर्मा, श्री महन्त नारायण गिरि जी महाराज सहित सभी विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ मंदिर प्रांगण में बैठक की गयी।

पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत व कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता जे.के. शर्मा ने अवगत कराया कि पर्यटन विभाग द्वारा उक्त योजना हेतु रुपए 552.25 लाख स्वीकृत किये गये, जिसके क्रम में कार्यदायी संस्था यू०पी० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि० द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परियोजना की स्वीकृत लागत के सापेक्ष मन्दिर के मुख्य द्वार, मल्टीपरपज हॉल, म्यूरल वर्क एवं श्रद्धालुओं हेतु टॉयलेट ब्लाक, बैठने हेतु बेन्चेस व लाईट की व्यवस्था के कार्य कराये जाने प्रस्तावित हैं। निरीक्षण व बैठक के दौरान एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला प्रशासन, जीडीए, नगर निगम, पर्यटन विभाग, कार्यदायी संस्था के अधिकारी/कर्मचारीगण व मंदिर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

## शिकायतों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएः जिलाधिकारी दीपक मीणा

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाता है, जिसके चलते जिलाधिकारी को शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा जाता है और उन्हें सुना जाता है। अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से सम्बंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है। शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए विवेक मिश्र भी उपस्थिति रहे।

# गेहूँ क्रय का समर्थन मूल्य मूल्य रूपया 2425/- प्रति कुन्टल होगा : सौरभ भट्ट



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), प्रभारी अधिकारी (गेहूँ खरीद), गाजियाबाद सौरभ भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अवगत कराया कि रवी विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में गेहूँ क्रय दिनांक 17 मार्च से 15 जून 2025 तक की जायेगी, गेहूँ क्रय का समर्थन मूल्य मूल्य रूपया 2425/- प्रति कुन्टल है, क्रय किये गये गेहूँ का कृषक को 24 घण्टे के अन्दर भुगतान किया जा रहा है। गेहूँ विक्रय के पूर्व किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे अथवा गेहूँ क्रय केन्द्र से खाद्य विभाग के पोर्टल ]२.४स्र्.ङ्क५.ल्ल पर अथवा यूपी किसानमित्र मोबाइल ऐप पर जाकर ऑनलाईन पंजीकरण/नवीनीकरण कराया जा सकता है। इस वर्ष बटाइदार कृषकों के द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूँ की बिक्री की जा सकेगी। कृषक अपना आधार संख्या, आधार कार्ड में अंकित अपना नाम आदि सही अंकित करें। कम्प्यूटराइज्ड खतौनी का खाता/खसरा संख्या पंजीयन में दर्ज कर अपने कुल रकबे के हिसाब से उत्पादकता के अनुसार अपना गेहूँ विक्रय कर सकते हैं। कृषक का बैंक खाता आधार से जुड़ा होना एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैंप और सक्रिय होना आवश्यक है। बैंक खाता सक्रिय होने हतु आवश्यक है कि बैंक खातें में पिछले तीन महीने में लेन-देन किया गया हो। विक्रय के समय क्रय केन्द्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्यों का विवरण एवं आधार नम्बर फीड कराना अनिवार्य है। जनपद गाजियाबाद में कुल 13 गेहूँ क्रय केन्द्र संचालित हैं। तहसील सदर में गोविन्दपुरम मण्डी में खाद्य विभाग एवं पी०सी०एफ० संस्था का क्रय केन्द्र स्थापित है। तहसील लोनी में खाद्य विभाग का लोनी क्रय केन्द्र, पी०सी०एफ० क्रय संस्था का बी०पैक्स चिरौडी एवं बी०पैक्स मंडोला स्थापित हैं। तहसील मोदीनगर में खाद्य विभाग के क्रय केन्द्र मोदीनगर एवं भोजपुर, पी०सी०एफ० संस्था के बी०पैक्स डिडौली, बी० पैक्स रावली कला, बी०पैक्स निवाड़ी देहात, बी० पैक्स विशोखर एट मऊ, बी० पैक्स सैदपुर शकूरपुर एवं बी पैक्स अतरौली गेहूँ क्रय केन्द्र संचालित हैं। विक्रय के उपरान्त केन्द्र प्रभारी से ई-पॉप मशीन से प्रिन्टेंड पावती अवश्य प्राप्त कर लें। जनपद में तद् दिनांक : 14.05.2025 तक कुल 352 कृषकों से 1028.20 मी० टन गेहूँ की खरीद की गई है। कृषक किसी भी सहायता के लिये टोल फ्री नम्बर-1800-1800-150 या सम्बन्धित जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

# मास को-ऑपरेशन एनजीओ द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज विजयनगर में महिला सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** मास को-ऑपरेशन एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे महिला सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के तहत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज विजयनगर, गाजियाबाद में मंगलवार से एक हफ्ते के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 500 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रशिक्षित ट्रेनरों द्वारा उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखाये जा रहे हैं। प्रशिक्षण कैंप के बाद छात्राओं मैं आत्मरक्षा के प्रति आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है छात्राओं ने इस शिविर के लिए 'मास को-ऑपरेशन' संस्था को धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. विभा चौहान ने कहा कि आज के युग में जहां महिला व पुरुष का अंतर खत्म हो रहा है ऐसे में महिलाओं को अपनी रक्षा का जिम्मा खुद ही लेना पड़ेगा जिस प्रकार मास को-ऑपरेशन एनजीओ ने यह मुहिम चलाई है वह काबिले तारीफ है। मैं अन्य स्कूलों के संचालकों से भी अनुरोध करती हूं की महिला सशक्तिकरण के लिए मास को-ऑपरेशन एनजीओ की मुहिम से जुड़े।

इस अवसर पर मास को-ऑपरेशन एनजीओ के नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं ट्रेनिंग कैंप के हेड संतोष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन नियमित रूप से लगातार चल रहा है ताकि महिलाओं, बालिकाओं तथा छात्राओं को ट्रेनिंग मिल सके और उनके आत्मविश्वास में इजाफा हो ताकि छात्राएं निडर होकर अपनी वह समाज की अन्य महिलाओं की रक्षा कर सके। उन्होंने कहा कि समाज में जिस प्रकार महिलाओं के प्रति हिंसक घटनाएं बढ़ रही है उसे देखते हुए महिलाओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि महिलाएं बाहर जाते समय अलर्ट नहीं रहती है और डरी हुई सी महसूस करती हैं ट्रेनिंग के दौरान मैंने स्वयं देखा की छात्राओं में आत्मरक्षा के प्रति हिचक थी लेकिन ट्रेनिंग के बाद छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ दिखाई दिया। इसलिए मेरा कहना है की ऐसे ट्रेनिंग शिविर नियमित रूप से लगाने चाहिए शिविर के अवसर पर एनजीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तौसीफ हाशमी ने कहा कि उनकी संस्था महिला सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और वह उन सभी महिलाओं तक पहुंच कर उन्हें प्रशिक्षित करने का प्रयास करेंगे जो अपनी दैनिक दिनचर्या में किसी न किसी शोषण का शिकार होने के खतरे मैं जूझती है। साथ ही ट्रेनिंग स्टाफ के हेड संतोष कुमार को अच्छे प्रशिक्षण के लिए बधाई दी और कहा एनजीओ की तरफ से अब तक हजारों छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया गया है।

# परिवर्तन स्कूल के छात्रों ने सिविल डिफेंस से सीखे आपदा में बचाव के उपाय

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** देश में हाल ही में आई युद्ध की छाया को देखते हुए गाजियाबाद के तमाम स्कूल अपने छात्र छात्राओं को आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिला रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में सहायक उपनियंत्रक गुलाम नबी, चीफ वार्डन ललित जायसवाल के सहयोग से राजनगर एक्सटेंशन स्थित परिवर्तन स्कूल में डिवीजनल वार्डन सुधीर कुमार के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि युद्ध के खतरे के दौरान सरकार की ओर से बजने वाले खतरे के सायरन की पहचान कैसे करें। खतरा टल जाने के बाद के संकेत भी बताए। छात्रों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया कि आपात स्थिति में कैसे खुद का बचाव करना है। विभिन्न अवस्था में घायलों को प्राथमिक उपचार केन्द्र तक किस तरह ले जाना चाहिए। यदि स्ट्रेचर नहीं मिल पाए तो किस तरह चादर से ही स्ट्रेचर तैयार किया जा सकता है। घर में लगे गैस सिलेंडर में यदि आग लग जाए तो बिना घबराए आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है। इस मौके पर सिविल डिफेंस की ओर से स्टाफ आफिसर संध्या त्यागी, पोस्ट वार्डन मंजू गर्ग, राकेश गुसाईं, संजय बघेल, हेमंत सिंह, आशु कुमार, रेखा अग्रवाल, प्रदीप बाली, संजय खन्ना, शिवकुमार शर्मा, पुष्पेन्द्र आर्य, नीतू गर्ग, सर्वजीत सिंह, शिवकुमार राय, हेमा शिवपुरी, पल्लवी शर्मा, श्रीवा अग्रवाल, रामकुमार आर्य, अभिषेक शर्मा, विपिन गोयल, रमा गुप्ता आदि ने सहयोग किया। स्कूल की चेयरपर्सन बीनू चौधरी के निर्देशन में प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता शर्मा, खेल प्रभारी गौरव राय एवं अलका शर्मा ने विशेष सहयोग किया।

# एमएलसी दिनेश कुमार गोयल अध्यक्ष श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान ने किया स्कूल की शिक्षकों का सम्मान



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद् उ०प्र०, अध्यक्ष श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान (पंजीकृत) गाजियाबाद द्वारा विद्यालय का हाईस्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत व इण्टर में टॉपर त्रिशा सिंह के 99.2 प्रतिशत अंक आने पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमति पूनम शर्मा, वाईस प्रिंसिपल बीनू गर्ग, पूजा श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा गया कि इस प्रकार से आगे भी आप सभी शिक्षकगण बच्चों के साथ मेहनत करते रहे जिससे इस स्कूल का नाम गाजियाबाद जिले में और अधिक रोशन हो।

# बाल मित्र केंद्र पर अन्तरराष्ट्रीय परिवार दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइज लिमिटेड ने संयुक्त रूप से 'चुप्पी तोड़- हल्ला बोल' परियोजना के तहत अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर साहिबाबाद थाने के बाल मित्र केंद्र में अभिभावकों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बाल यौन शोषण से बचाव, पॉक्सो एक्ट की जानकारी देना और बच्चों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने के तरीकों से अवगत कराना था।

अभिभावकों ने थाने का दौरा किया और बाल यौन शोषण से सुरक्षा व संबंधित कानूनों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अभिभावकों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और सराहनीय बताया, जिससे उन्हें बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदमों को समझने में मदद मिली। संस्थापक एस०सी० पाण्डे ने अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा की समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक अभिभावकों को जागरूक करने और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# लेबर चौक पर एचआईवी जांच शिविर लगाया



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** बृहस्पतिवार को रमते राम रोड स्थित लेबर चौक पर डॉ. ओपी अग्रवाल के नेतृत्व में पं. अशोक भारतीय, युवा भाजपा नेता सौरभ यादव आदि के द्वारा महिला आउट रीच वर्कर खुशबू, सुदेश रानी आदि के द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एचआईवी की जांच की गई तथा सभी को मुफ्त दवाई वितरित की गई एवं सभी से सदैव समय-समय पर जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ उठाने का आह्वान किया गया। चिकित्सीय कैंप में स्थानीय गरीब मजदूरों ने कैंप के आयोजन की सराहना की।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के पीजीडीएम प्रतिभागियों हेतु फ्लैग ऑफ सेरेमनी फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन टूर का आयोजन




हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजिआबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मोहन नगर गाजिआबाद के पीजीडीएम सत्र(2023-25) प्रतिभागियों हेतु फ्लैग ऑफ सेरेमनी फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन टूर टू यूनाइटेड अरब अमीरात के लिए 13 मई हेतु आयोजित किया गया। इसमें कुल 173 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी इंदिरा गाँधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तीन ग्रुपो में क्रमशः 15,16 एवं 19 मई को यूएई के लिए प्रस्थान करेंगे और दुबई, अबु धाबी एवं शारजाह के प्रमुख दर्शनीय स्थलों, सिनर्जी यूनिवर्सिटी, मीडिया प्रोडक्शन हाउस एवं बुर्ज खलीफा का दौरा करेंगे। प्रथम ग्रुप डा संजीव टंडन, द्वितीय ग्रुप डा अनुषा अग्रवाल एवं तृतीय ग्रुप प्रो शिल्पी राणा के संरक्षण में भेजा जाएगा। फ्लैग ऑफ सेरेमनी की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ अजय कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को वैश्विक व्यापार एवं वातावरण से संबंधित विषयों को समझने, विभिन्न देशों के कार्य संस्कृति तथा शिक्षापद्धति को जानने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सुरक्षित और सुखमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। संस्थान के सभी शिक्षक इस समारोह में उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभ कामना देकर उन्हें इंटरनेशनल टूर के लिए रवाना करने गए। इस अवसर पर आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयर मैन डॉ आरपी चड्ढा ने सभी प्रतिभागियों के शुभ एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामना दी। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी छात्रों को मनोरंजन के साथ ज्ञान अर्जन करने की प्रेरणा दी। इस अवधि में सभी प्रतिभागी बिभिन्न प्रकार के शैक्षणिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक गतिबिधियो में हिस्सा लेंगे साथ ही मिडिल ईस्ट के इन विकसित देशो के एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्कर का मुआयना करेंगे। आईटीएस की यह परंपरा 2012 से लगातार चली आ रही है, जिसमे प्रत्येक वर्ष विभिन्न निकायों के छात्र हर वर्ष इंटरनेशनल एजुकेशनल टूर पर विदेश भ्रमण के लिए जाया करते है। सभी प्रतिभागी काफी उत्साहित और प्रसन्न दिखे।

# प्रियम गर्ग के शानदार 92 रनो से मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन बना विजयी

हिन्द आत्मा संवाददाता




**गाजियाबाद।** गुरुवार को बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी क्रिकेट टूनामेंट के अन्तर्गत खेले गए लीग मैच मे मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रियम गर्ग (जूनियर इंडिया खिलाड़ी) के आकर्षक 92 रनो की मदद से टीएनएम इन्दिरापुरम को 182 रनो से हरा दिया। टास जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय टीएनएम इन्दिरापुरम को उस समय भारी पड़ गया जब मेरठ के सभी बल्लेबाजो ने आरंभ से ही ताबडतोड प्रदर्शन कर टीम का स्कोर 344 रन 4 विकेट पर निर्धारित 40 ओवर में पंहुचा दिया, लक्ष्य प्राप्त करने उतरी टीएनएम का कोई बल्लेबाज उल्लेखनीय योगदान नही दे सका फलस्वरूप समस्त टीम 162 रन पर 29 ओवर मे ध्वस्त हो गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रियम गर्ग को पूर्व क्रिकेटर श्री अश्वनी शर्मा द्वारा दिया गया, संचालन विश्वजीत सिंह ने किया। प्रमुख स्कोरः मेरठ क्रिकेट एसोसिएशनः 344 रन 4 विकेट पर 40 ओवर में इंजमाम 48 रन (8 चौके,1 छक्का) प्रियम गर्ग 92 रन (7 चौके 5 छक्के) सत्यम संगू 71 रन (10 चौके 2 छक्के) संजोग पाल ने 2 विकेट लिए। टीएनएम इन्दिरापुरमः 162 रन सभी आउट 29 ओवर में। सूर्या गौड 34 रन (7 चौके) शिवेन मल्होत्रा ने 3 विकेट तथा आयुष व अभिषेक पुडिर ने 2-2 विकेट लिए। कल लीग मैच कारपेडियम व एचसीए पायनियर के मध्य प्रातःकाल 8 बजे खेला जाएगा।

### जिलाधिकारी के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व/विकास कार्यों से सम्बंधित) की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आहूत

# विभागों को अपने कार्यों में और सुधार की आवश्यकता है: सीडीओ

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व/विकास से सम्बंधित) की अप्रैल माह व सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित परियोजनाओ की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आहूत हुई।





सीडीओ अभिनव गोपाल द्वारा खराब रैंक लाने वाले विभागों को खराब रैंक आने का कारण स्पष्ट पूछा, जिस पर कुछ अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि वह समय से पोर्टल अपडेट नहीं कर पाये, इसके साथ ही अन्य कारण भी सामने आएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि पोर्टल से सम्बंधित कोई भी शिकायत या समस्या है तो मुझे अवगत करायें, विभागों द्वारा अच्छा कार्य किया गया किन्तु अभी विभागों को अपने कार्यों में और सुधार की आवश्यकता है। आगामी माह में किसी रैंकिंग खराब नहीं आनी चाहिए। साथ ही सभी अधिकारी किसी भी कार्य को अपने स्तर पर लम्बित ना छोड़े, जैसे ही कोई कार्य आपकी टेबिल पर आता है उसका तुरन्त निराकरण करें या आपके स्तर का नहीं है तो उसे त्वरित निस्तारण के लिए सम्बंधित को भेंजे।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास/राजस्व से सम्बंधित) की अप्रैल माह की मासिक प्रगति रिपोर्ट में जनपद गाजियाबाद की रैक्स मार्क 8.73 के साथ 16वीं रैंक आयी, जिसमें विकास सम्बंधित रैंक 04 व राजस्व सम्बंधित रैंक 36 हैं। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका में राजस्व कार्यों से सम्बंधित जनपद में अवस्थापना, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलैक्ट्रानिक्स, आबकारी, आवास, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाटमाप, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, खाद्य एवं रसद, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन, परिवहन, भूतत्व एवं खनिकर्म, राज्यकर, राजस्व, लोक शिकायत, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, सैनिक कल्याण, वित्त विभागों में संचालित 58 योजनाओं में से 54 योजनाएं जनपद में संचालित है जिसमें से ग्रेड वाईज ए+ में 31, ए में 8, बी में 5, सी में 2, डी में 1 व ई में 7 विभाग रहे।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका में विकास कार्यों से सम्बंधित जनपद में अतिरिक्त ऊर्जा, अल्पसंख्यक कल्याण, उद्यान, ऊर्जा, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, नियोजन, पंचायती राज, पर्यटन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, युवा कल्याण, लोक निर्माण, व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई एवं जल संसाधन एवं लोक शिकायत विभागों की 88 योजनाओं में से 59 योजनाऐं जनपद में संचालित है जिसमें ग्रेड वाईज ए+ में 51, ए में 0, बी में 2, सी में 2, डी में 3 व ई में 1 विभाग रहे।

बैठक में मुख्य रूप से एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार, डीएसटीओ राजीव श्रीवास्तव, डीडीओ श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, डीआईओ योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## मोदी ग्लोबल स्कूल के सगे भाई एवं बहन ने किया स्कूल का नाम रोशन





**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** डॉ०के०एन० मोदी ग्लोबल स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे सगे भाई बहन ने 12वीं परीक्षा व हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल सहित माता–पिता का नाम रोशन किया। नगर की कृष्ण कुंज निवासी दीपांशी शर्मा ने आर्ट विषय में 100%अंक प्राप्त करने के अलावा 89%अंक प्राप्त करके जहां विद्यालय का नाम रोशन किया वही उसके भाई राघव शर्मा ने भी अपनी बहन के पद चिन्हो पर चलते हुए दसवीं कक्षा की परीक्षा में 88%अंक प्राप्त कर स्कूल व माता–पिता का नाम रोशन कर दिखाया। इस अवसर पर मोहल्ले वासीओं सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने माता–पिता व उनके दोनों बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की। दीपांशी ने बताया कि उसका आगामी सपना आईएएस बनना है उसके लिए वह कठिन प्रयास करेगी। इनके पिता इंजीनियर और माता शिक्षित ग्रहणी है बाबा प्रवक्ता पद से सेवानिवृत हो चुके हैं। इस खुशी के मौके पर बधाईयां देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा, परशुराम दल के अध्यक्ष राहुल देव शर्मा, सभासद आलोक कौशिक, जितेंद्र तेवतिया आदि लोगों ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

## एमआईईटी में दीक्षांत समारोह 17 मई को, एकेटीयू कुलपति प्रोफेसर . जे.पी. पांडे करेंगे डिग्री वितरण

हिन्द आत्मा संवाददाता

**मेरठ।** मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में 17 मई को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जे.पी. पांडे करेंगे। इस अवसर पर कुल 1156 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। संस्थान में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कैंपस डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीटेक 2024 पास आउट बैच के 791, बी.फार्मा के 73, एमबीए के 166, एमसीए के 97, एम.टेक के 8 और एम.फार्मा के 21 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। रजिस्ट्रार शिवपूजन सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के टॉप तीन विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। बीटेक की 13 ब्रांचों सहित बी.फार्मा, एमबीए, एमसीए, एमटेक और एमफार्मा के मेधावी विद्यार्थियों को यह सम्मान दिया जाएगा। कैंपस निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.के. सिंह ने बताया कि बीटेक (कंप्यूटर साइंस - डाटा साइंस) की छात्रा झलक जैन को एकेटीयू यूनिवर्सिटी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चांसलर अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) की छात्रा निकिता सिंह को यूनिवर्सिटी स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। एम.टेक (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा शिवा चौधरी को विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर सिल्वर मेडल मिलेगा। इसके अलावा, नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रशांत चौहान और हर्ष चौहान को स्टार्टअप इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के उपरांत इंडस्ट्री-अकादमिक इंटरैक्शन कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें उद्योगों से जुड़ी चुनौतियों और उनके संभावित समाधानों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रेस वार्ता में डीन डॉ. संजीव सिंह, रजिस्ट्रार शिवपूजन सिंह, मीडिया प्रभारी अजय चौधरी, डीन डॉ. संजीव सिंह, मोहन सहित संस्थान के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## प्रज्ञान स्कूल ग्रेटर नोएडा की छात्रा यशिका सिंह ने हाई स्कूल परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हिन्द आत्मा संवाददाता



**मोदीनगर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन की घोषित 2025 हाई स्कूल परीक्षा में प्रज्ञान स्कूल ग्रेटर नोएडा की छात्रा यशिका सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल का नाम किया रोशन।स्कूल अध्यापिकाओं सहित माता-पिता व सहयोगियों का मिला आशीर्वाद।

मोदीनगर निवासी युवा राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल चौधरी की सुपुत्री यशिका सिंह ने प्रज्ञान स्कूल ग्रेटर नोएडा में शिक्षा ग्रहण करते हुए सेंट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन की दसवीं कक्षा के घोषित हुए शिक्षा परिणामो में अंग्रेजी विषय में जहां 90% अंक प्राप्त किये वहीं सोशल साइंस विषय में भी 90% अंक प्राप्त करने के अलावा इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विषय में 98% अंक प्राप्त किये वहीं हिंदी विषय में भी 88% अंक प्राप्त कर अपने स्कूल सहित माता-पिता का नाम रोशन कर दिखाया। छात्रा अंशिका चौधरी कि इस शानदार उपलब्धि पर उसकी स्कूल अध्यापिकाओं सहित माता-पिता एवं शुभचिंतकों ने उसे आशीर्वाद देने सहित उसके उज्जवल भविष्य की कामना हुए उसे अगले वर्ष की परीक्षाओं के लिए और भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा की 08 सेवाओं व 04 आवश्यक सेवाओं के आफिसर्स कमांडिंग के साथ आवश्यक बैठक आयोजित







**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** भारत सरकार गृह मंत्रालय, महानिदेशालय अग्निशमन सेवा नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक नई दिल्ली तथा प्रमुख सचिव नागारिक सुरक्षा अनुभाग उ०प्र० शासन लखनऊ द्वारा नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाओं को अद्यावधिक किये जाने के निर्देश दिये गये है। वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत आपात स्थिति में आपदा से बचाव करने हेतु आवश्यकता पड़ने पर आपसी साम्जंस्य बनाये रखने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शों के क्रम में सैनिक कल्याण बोर्ड से भूतपूर्व सैनिकों को सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों के रूप में नामांकन करने हेतु पत्राचार किया गया। जिससे उनके उत्साह और ऊर्जा का लाभ उठाया जा सकें। इसी क्रम में अन्य सिविल डिफेंस में नामांकन हेतु आग्रह किया गया। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने हेतु तैयार रहने हेतु आग्रह किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी से आपात स्थानों को चिन्हित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कहा गया।

यह भी निर्देश दिये गये कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यालयों में समिति गठित कर स्थानों को चिन्हित करें। रवीन्द्र प्रताप, उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाओं व उनके ऑफिसर्स कमांडिंग तथा उनसे संबंधित कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया। आपात स्थिति तथा सामान्य स्थिति में नागरिक सुरक्षा के महत्व को बताया गया। सहायक उपनियंत्रक श्री गुलाम नबी द्वारा प्रजेन्टेशन के द्वारा नागरिक सुरक्षा की गाजियाबाद में स्थापना एवं सभी सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी तथा नागरिक सुरक्षा का महत्व व उद्देश्य का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। महानिदेशक नागरिक सुरक्षा नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र 2024 से श्रीमती विमलेश, भण्डार अधीक्षक, हर्ष वर्मा, डिवीजनल वार्डन (आरक्षित) चैतन्य जैन, स्टॉफ आफिसर एवं राजन गुप्ता पोस्ट वार्डन को सम्मानित किया गया। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उपजिलाधिकारी, मोदीनगर, जिला कमाण्डेंट होमगार्डस, नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद व अन्य विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग लिया गया। अन्त में चीफ वार्डन, नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा स धन्यवाद बैठक का समापन किया।

## मोदीनगर पतंजलि वेल सेंटर में श्याम मित्र मंडल मेरठ द्वारा 18 मई को आयोजित कराई जाएगी नृत्य प्रतियोगिता

हिन्द आत्मा संवाददाता



**मोदीनगर।** श्याम मित्र मंडल मेरठ द्वारा हरमुख पुरी कॉलोनी में एक प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए जानकारी दी गई की संस्था पंतजलि वैलनेस सेन्टर सीकरी कलां में रविवार को बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिता आयोजित करने जा रही है।इसके अलावा इसी दिन एक निजी न्यूज चैनल का उद्घाटन भी किया जाएगा। बृहस्पतिवार को श्री श्याम मित्र मंडल मेरठ द्वारा 18 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों विशेषकर बच्चों द्वारा होने वाली नृत्य प्रतियोगिता एवम् मोदीनगर के नये चैनल राष्ट्र बंदन न्यूज टुडे के उद्घाटन के सम्बन्ध में बताया गया। इस प्रतियोगिता को'अ' 'ब' 'स' वर्गों में आयोजित किया जाएगा जिसमें वर्ग अ में कक्षा 1 तक के प्रतियोगी, ब में कक्षा 5 तक के प्रतियोगी एवं स में 8 तक के प्रतियोगी भाग लेगें। सभी वर्ग में नृत्य की विशेष योग्यता रखने वाले विद्यार्थी एकल नृत्य एवम् ग्रुप नृत्य के माध्यम से अपना नृत्य प्रस्तुत करेगें। नृत्य प्रतियोगिता को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए एक निर्णायक मंडल बनाया गया है। जिसमें सदस्य के रूप में रीटा तोमर मोदीनगर, बबीता गुप्ता मेरठ, चौ० सुनीता दिल्ली एवं शिवानी त्यागी मुरादनगर, वीशु चौधरी केएन मोदी ग्लोबल स्कूल निष्पक्ष रूप से सदस्य रहेंगे। इसके अलावा राष्ट्रवंदन न्यूज टुडे चैनल के उद्घाटन अवसर पर गाजियाबाद, मेरठ, दिल्ली से जुड़े सभी समाचार पत्रों एवं समाचार चैनल प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंताजलि वैलनेस सैन्टर मोदीनगर के मुख्य सेवक स्वामी आरोग्य देव महाराज करेंगे इसके अलावा मुख्य अतिथिगणों के रूप में डा० राजकुमार सागवान, विधायक डॉ० मंजू सिवाच तथा विशिष्ट अतिथियों में रामकिशोर अग्रवाल पूर्व राज्यमंत्री उ०प्र०, डॉ० पवन सिंघल, विनोद वैशाली चेयरमेन समाजसेवी मूलचंद गर्ग, समाजसेवी, कु० अलका चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा एकता सेवा समिति उ०प्र० रहेगें।

## हरि मंदिर चौक से सुशीला इंटर कालिज तक पोल सहित लगेंगी स्ट्रीट लाइट :पार्षद नीरज गोयल



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** वार्ड 88 गांधी नगर में हरि मंदिर चौक से सुशीला इंटर कालिज तक स्ट्रीट लाइट पोल सहित लगाए जाने के कार्य को सरदार जगमोहन सिंह ने विधिवत नारियल फोड़ कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पार्षद नीरज गोयल ने बताया कि निगम द्वारा लगभग 10 लाख की लागत से 22 स्ट्रीट लाइट पोल सहित लगाई जाएंगी। इस सड़क के अधिक चौड़ी होने के कारण बिजली के खम्बे पर लगी स्ट्रीट लाइट पूरे क्षेत्र में रोशनी नही कर पाती है जिस के कारण सड़क पर अंधेरा बना रहता हैं सड़क के दूसरी तरह इन लाइटों के लग जाने से सड़क पर पर्याप्त मात्रा में रोशनी रहेगी। सरदार जगमोहन सिंह ने पार्षद को माला पहनाकर धन्यवाद किया साथ ही कहा कि नीरज गोयल के पार्षद बनने के बाद विकास कार्यो में तेजी आयी है। इस अवसर पर प्रतिभा कपूर, रेनू चंदेला, संजय प्रधान, मनोज वोहरा, सुरेंद्र कुमार गोस्वामी, मुकेश कुमार, आलोक गोयल, सागर, शुभम् गोयल आदि उपस्थित रहे।

## 13 से 23 मई तक देश भर में भाजपा निकालेगी 'तिरंगा यात्रा'

हिन्द आत्मा संवाददाता





**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी 13 मई से 23 मई तक देश भर में 'तिरंगा यात्रा' अभियान चला रही है। 10 दिन चलने वाली इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का मकसद हाल ही में सफल रहे 'ऑपरेशन सिंदूर' की उपलब्धियों को हर नागरिक तक पहुंचाना है। भारतीय जनता पार्टी इस कैंपेन के जरिए जनता को यह बता रही है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने कैसे अपने नागरिकों को संकट से बाहर निकाला और राष्ट्रीय स्वाभिमान को मजबूत किया है। इसी संबंध में गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में गाजियाबाद महानगर के अंतर्गत तीनों विधानसभा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है, इस तिरंगा यात्रा में गाजियाबाद महानगर के सभी जनप्रतिनिधि, महानगर पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय जनमानस का अभूतपूर्व योगदान रहेगा। हजारों की तादाद में आमजन, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग और मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ पद यात्रा में भाग लेंगे। सभी के हाथों में विभिन्न देशभक्ति के प्ले-कार्ड जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित नारे लिखे होंगे व हमारे फौजी भाईयों-बहनों की चित्र होंगे।

यह यात्रा कम से कम 2किलोमीटर लंबी रहेगी साथ ही विभिन्न विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत भी किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का कहना है कि यात्रा का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता को जाहिर करना है। पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इसमें अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सहयोग कर रहे हैं।

गाजियाबाद महानगर भाजपा ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। शौर्य तिरंगा यात्रा में ढोल नगाड़े, बैंड बाजे से लेकर डीजे होंगे जिसमें देशभक्ति के गाने चलाए जाएंगे। सभी जनमानस हाथों में तिरंगे झंडे लहराएंगे और भारत माता की जय और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए जाएंगे। गाजियाबाद महानगर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा जिला स्तर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा को यात्रा का संयोजक एवं युवा मोर्चा महामंत्री संदीप चौधरी को सहसंयोजक बनाया गया है। तीनों विधानसभाओं में साहिबाबाद विधानसभा में यात्रा संयोजक नवनीत मित्तल, सहसंयोजक आशीष चौधरी, शहर विधानसभा में यात्रा संयोजक सुनील यादव, सहसंयोजक संजय कांत शर्मा व मुरादनगर विधानसभा में यात्रा संयोजक अमित रंजन सहसंयोजक मोनू त्यागी को बनाया गया है।

## सम्पादकीय

# चीन की नापाक हरकत

भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने की युक्तियां चीन सदा से खोजता रहता है। अरुणाचल को वह अपना हिस्सा बताता रहा है। उसके सैनिक वास्तविक नियंत्रण रेखा लांघने का प्रयास करते हैं। इस वजह से कई मौकों पर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ जाता है। करीब पांच वर्ष पहले उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस बीच उसने अरुणाचल की कुछ जगहों के नाम बदल कर यह जताने का प्रयास किया कि वे उसका हिस्सा हैं। 2017 में उसने अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के नए नाम की सूची जारी की थी।उसके बाद 2021 में पंद्रह स्थानों वाली दूसरी सूची और 2023 में ग्यारह अतिरिक्त स्थानों के नाम वाली एक और सूची जारी की थी। पिछले महीने तीस स्थानों के नाम बदल कर उसने एक और सूची जारी कर दी। अब कुछ और जगहों के नाम बदल दिए हैं। उसकी इस हरकत पर हर बार भारत की तरफ से तीखी प्रतिक्रिया दी जाती रही है, फिर भी वह अपनी चालबाजी से बाज नहीं आता। भारत ने फिर दोहराया है कि अरुणाचल हमेशा से भारत का अंग रहा है और रहेगा। नाम बदल देने से कोई जगह किसी और की नहीं हो जाती।

हालांकि भारत और चीन की सीमारेखा बहुत पहले से चिह्नित है, मगर चीन अपनी विस्तारवादी नीति के तहत उसे मानने से इनकार करता रहा है। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की कोशिश करता रहा है। मगर भारत की सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ के चलते उसे कामयाबी नहीं मिल पाती। अभी आपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने का अभियान चलाया, तब भी चीन उसके समर्थन में उतर आया। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। चीन अच्छी तरह जानता है कि केवल जगहों के नाम बदल देने से वह इलाका उसका नहीं हो जाएगा। मगर फिर भी इस तरह की हरकतें करके वह समझता है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय उसे स्वीकार कर लेगा। पिछले ओलंपिक के समय अरुणाचल की दो खिलाड़ियों को इसलिए उसने प्रवेश से रोक दिया था कि अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम वह स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है। दरअसल, भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। विचित्र है कि वह सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने की बातें तो करता है, पर इसके लिए कोई गंभीर पहल कभी नहीं करता।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक अशोक कौशिक द्वारा फाल्गुन बुक्स एंड प्रिन्टर्स, ए-1/185 स्वदेशी कॉम्पलैक्स, कविनगर इंडस्ट्रीयल एरिया, गाजियाबाद- 201001 से छपवाकर 308 अंसल सुमैधा बिल्डिंग, आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद से प्रकाशित।

| | | |
|---|---|---|
| **सम्पादक** | : | **अशोक कौशिक** |
| **समाचार सम्पादक** | : | **राकेश शर्मा** |
| **कानूनी सलाहकार** | : | राजकुमार शर्मा, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी |
| मो. | : | 9810149213 |
| फोन | : | 0120-4113213 |
| E-mail | : | hindatma@gmail.com |

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।**




# अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट

ललित गर्ग

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है। भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है।

निश्चित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला




जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतों, बचकानी एवं बेतूकी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जबाव देने में भारत सक्षम है। चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिसा किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया।

चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसरे साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दशार्ता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है।

चीन भारत की बढ़ती ताकत एवं रूतबे से परेशान है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। शातिर और चालबाज चीन अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह, सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है।

भारत को अनेक मोर्चों पर चीन को आडे हाथ लेना होगा, सबसे जरूरी है चीन सामान का बहिष्कार, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत एवं आम जनता को भी गंभीरता से सोचना होगा। ऐसा करके ही चीन की कमर को तोड़ा जा सकता है, आज दुनिया के अनेक देश चीनी सामान का बहिष्कार कर रहे हैं, हमें भी कठोर कदम उठाने होंगे। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा एवं ढोंग ही करता है।

भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। जाहिर बात है कि चीन ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है।

अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है। भारत की रणनीति साफ है, स्पष्ट है। आज का भारत समझने और समझाने की नीति पर विश्वास करता है लेकिन अगर हमें आजमाने की कोशिश होती है तो जवाब भी उतना ही प्रचंड देने में वह समर्थ हैं। भारतीय सेना में सरहदें बदल देने की क्षमता है, दुश्मनों को इरादों को ध्वस्त करने का मादा है इसलिये चीन अपने नक्शे में भले ही छेड़छाड़ करता रहे, लेकिन भारत की भूमि पर कब्जाने की उसकी मंशा अब कभी साकार नहीं होगी।

# एनडीए में चयन होने पर बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता के पुत्र का किया सम्मान

## अधिवक्ताओं ने शोभित खटाना को बार सभागार में फूल मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर की हौसला अफजाई

हिन्द आत्मा संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के सभागार में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाल ही में देश की सर्वोच्च रक्षा सेवा एनडीए में चयनित होने पर अधिवक्ता नरेंद्र खटाना के पुत्र शोभित खटाना का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने शोभित खटाना को फूल मलाई पहनकर एवं मिठाई खिलाकर उसकी हौसला अफजाई की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट ने और संचालन सचिव अजित नागर एडवोकेट के द्वारा किया गया। बता दें कि बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के सम्मानित सदस्य एवं दनकौर थाना क्षेत्र के चपरगढ़ गांव





निवासी अधिवक्ता नरेंद्र खटाना के पुत्र शोभित खटाना का हाल ही में देश की सर्वोच्च रक्षा सेवा एनडीए में चयन हुआ है। जिसे लेकर अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है। उसी क्रम में बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के द्वारा शोभित खटाना को बार सभागार में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। जहां सैकड़ों अधिवक्ताओं की उपस्थिति में बार के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट एवं सचिव अजित नागर एडवोकेट के द्वारा शोभित को पुष्प गुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी ने कहा कि हमारे लाडले शोभित खटाना ने देश की सर्वोच्च रक्षा सेवा एनडीए में चयनित होकर न केवल हम अधिवक्तगणों का मान बढ़ाया है बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें बताया कि गत वर्षों से लगातार शोभित हम सभी को अपनी मेहनत से गौरवान्वित कराता आ रहा है। जहां हमारे लाडले ने 2 वर्ष पूर्व कक्षा 10 में जिला टॉप कर जिले का और हम सब का मान बढ़ाया था, वहीं कक्षा 12 में भी लगभग 98 फीसदी अंक हासिल किए है। उसी के साथ एनडीए में चयन हुआ है और जेईई परीक्षा को भी उत्तीर्ण किया है। उन्होंने कहा हमें पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में शोभित रक्षा सेवाओं में रहकर देश का नाम रौशन करेंगे और हमारे जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। इस अवसर पर नीरज भाटी, कपिल शर्मा, श्याम सिंह भाटी, विशाल नागर, अरुण नागर, पवन भाटी, के के भाटी, कृष्ण भाटी, प्रिंस भाटी, कुलदीप सिंह, सचिन भाटी, निशांत भाटी, अंकुश शर्मा, निशांत शर्मा, शिवा त्यागी समेत सैकड़ों की संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

**खोया पाया**

हमारे फ्लैट संख्या बी-401, चौथा फ्लोर, प्लाट संख्या जी.एच.-1/11, द्रोणागिरी अपार्टमेंट, फेस-2, सैक्टर-11, वसुंधरा, गाजियाबाद की ओरिजनल रजिस्ट्री कहीं खो गई है। जोकि बहीं संख्या 1, जिल्द सं० 40243 के पृष्ठ 161 से 188 तक क्रमांक 7902 पर दिनांक 26/07/2021 को निष्पादित की गई थी। जिस किसी को मिले तो निम्न पते पर सूचित करने अथवा पहुंचाने का कष्ट करें।

**श्रीमती विमलेश सिंह पत्नी श्री एस.पी.सिंह निवासी 13/7, शास्त्री नगर, मेरठ।**

# नकली दवा कारोबारियों पर योगी सरकार की सख्त कार्रवाई, 30 करोड़ रूपये की नकली दवाएं जब्त की गई, 68 गिरफ्तार

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस किए निरस्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नकली दवा कारोबार के खिलाफ सीएम योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के अनुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। विभाग के संबंधित अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि वर्ष 2024-25 में 30 करोड़ 77 लाख रुपये की नकली दवाएं जब्त की गई हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इस अवधि में पूरे प्रदेश में 1039 छापेमारी अभियान चलाए गए, जिनमें 13,848 नमूने संकलित किए गए। नकली दवा के कारोबार में संलिप्त पाये गये 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस निरस्त किए गये, साथ ही 68 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। सबसे ज्यादा कार्रवाई आगरा, लखनऊ और गाजियाबाद शहरों में हुई, जहां नकली दवाओं के साथ-साथ ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन, नारकोटिक्स औषधियां और नकली कॉस्मेटिक उत्पाद भी जब्त किये गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग नकली दवा कारोबारियों और निर्माण कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस क्रम में विभाग के संबंधित अधिकारियों ने वर्ष 2024-25 में 463 दवा निर्माण इकाइयों, 647



ब्लड बैंकों और 10,462 विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान पूरे प्रदेश में 1039 छापेमारी अभियान चलाए गए, जिनमें 13,848 नमूने संकलित किए गए। परीक्षण में 96 नमूने नकली और 497 अधोमानक पाए गए। जिसके चलते नकली दवा के कारोबार में संलिप्त पाये गये 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस निरस्त किए गये, साथ ही 68 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। 06 दवा निर्माण इकाइयों और 05 ब्लड बैंकों के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं साथ ही लगभग 30 करोड़ 77 लाख रुपए की नकली दवाएं जब्त की गईं। जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना है। खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में सर्वाधिक कार्यवाही लखनऊ, आगरा और गाजियाबाद जिले में की गई। उन्होंने बताया कि राजधानी लखनऊ में एसटीएफ के सहयोग से ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन और नकली दवाओं के खिलाफ कई बड़ी कार्रवाइयां की गईं। जबकि आगरा में 5 नवंबर 2024 को 1.36 करोड़ रुपये की नकली दवाएं और गाजियाबाद में 6 फरवरी 2025 को 0.9 करोड़ रुपये की नारकोटिक्स औषधियां जब्त की गईं। बरेली में अप्रैल 2025 में 0.5 करोड़ रुपये के नकली कॉस्मेटिक उत्पाद जब्त किए गए। इसके अलावा, आयुर्वेदिक दवाओं की आड़ में एलोपथिक दवाओं के अपमिश्रण के मामले में भी कड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें 14 संदिग्ध नमूनों की जांच जारी है।

## किसान मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह, किसानों ने हवन, रक्तदान और वृक्षारोपण कर दी श्रद्धांजलि

# किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को कभी भुलाया नहीं जा सकता: बिजेंद्र सिंह

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने वीरवार को गाजियाबाद में किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर हवन यज्ञ, रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुण्यतिथि का आयोजन जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण बचाओ थीम पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ से हुई, जिसमें किसानों और भाकियू कार्यकताओं ने आहुति दी। इसके बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कई लोगों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। अंत में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में भाकियू के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने कहा, "चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों के हक के लिए संघर्ष किया और हमें संघर्ष की ताकत सिखाई। उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।" जिला प्रभारी जय कुमार मलिक ने कहा कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर भाकियू के राष्ट्रीय सचिव ओमपाल सिंह,



एनसीआर अध्यक्ष प्रवीण मलिक, युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी, युवा महानगर अध्यक्ष विनीत चौधरी, सुधीर चौधरी, पवन चौधरी (दुहाई), यशवीर सिंह, महेश यादव, अजित सिंह,सचिन तेवतिया, अभिषेक चौधरी और अन्य सैकड़ों भाकियू पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर था, बल्कि किसानों की एकता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम बना।

**शोक-सन्देश**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि
**श्रीमती राजबाला त्यागी**
**धर्मपत्नी श्री विर्जेंद्र सिंह 'परवाज़' (शायर)**
दिनांक 10 मई, 2025 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर,
प्रभु के चरणों में लीन हो गई हैं।
अरिष्टि दिनांक 21 मई, 2025 को होगी।

**कार्यक्रम**
ब्रह्मभोज ........ दोपहर 12 से
रस्म पगडी ........ दोपहर 2.30 बजे

स्थान : कम्युनिटी हॉल, गुलमोहर ग्रीन्स, लोनी रोड, हिंडन एयर बेस के सामने, मोहन नगर, गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार :
डॉ. पी के त्यागी (पुत्र) | इं. अणन्ज त्यागी (दामाद) | रुद्राक्ष त्यागी (पौत्र)
डॉ. कल्पना त्यागी (पुत्रवधू) | ज्योति त्यागी (पुत्री) | तनिषा त्यागी (पौत्री)
डॉ. प्रयास त्यागी (पुत्र) | यशिका त्यागी (पौत्री)
डॉ. लीना त्यागी (पुत्रवधू) | दक्ष त्यागी (धेवता)
सम्पर्क सूत्र: 9412285618, 9457487324 | इं. सृष्टि त्यागी (धेवती)

### परमार्थ गंगा तट पर गूंज रहे राम नाम के स्वर, परमार्थ निकेतन में मासिक श्रीरामकथा का दिव्य शुभारंभ

# श्रीराम कथा जीवन का अमृत: स्वामी चिदानन्द सरस्वती








हिन्द आत्मा संवाददाता

**ऋषिकेश।** परमार्थ निकेतन में माँ गंगा की निर्मल धारा की तरह मानस कथा की दिव्य ज्ञान धारा प्रवाहित हो रही है। मासिक श्रीरामकथा संत श्री मुरलीधर जी के श्रीमुख से सरल, भावपूर्ण और सजीव शैली में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रही है। श्रीरामकथा का उद्घाटन महामंडलेश्वर स्वामी असंगानन्द सरस्वती जी महाराज और कार्ष्णि पीठाधीश्वर गुरुशरणानंद महाराज के आशीर्वाद से स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी एवं श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी के पावन सान्निध्य में हुआ।हिमालय की शांत गोद में स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम एक बार फिर श्रीरामकथा की दिव्य गूंज से आलोकित हो रहा है। 15 मई से 17 जून, 2025 प्रतिदिन प्रातः 9:300 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित हो रही मासिक श्रीरामकथा में राजस्थान सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आये श्रद्धालु प्रतिदिन भाग ले रहे हैं और प्रभु श्रीराम के आदर्श, मयार्दा और भक्ति का अनुपम रसपान कर रहे हैं।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि श्रीरामकथा, आख्यान नहीं, बल्कि जीवन का अमृत है। प्रभु श्रीराम जी का जीवन त्याग, करुणा, कर्तव्य और समर्पण का आदर्श है। उनके चरित्र से प्रेरणा लेकर जब माता-पिता अपने बच्चों को जीवन के मूल्य सिखाते हैं, तो परिवार संस्कारों की जीवंत पाठशाला बन जाता है। श्री रामकथा में छिपे संदेश भावनात्मक, आध्यात्मिक और नैतिक दृष्टि से समृद्ध बनाते हैं। श्रीरामकथा केवल कथा नहीं, यह जीवन का दर्शन है। आज की भागदौड़ भरी दुनिया में श्री रामकथा वह दीपक है जो परिवारों को जोड़ती है, संतुलन प्रदान करती है और एक ऐसा वातावरण रचती है जिसमें प्रेम, शांति और संस्कारों का अमृत प्रवाहित होता है। श्रीरामकथा को केवल सुनें नहीं, इसे जिएं ताकि हर घर राममय बन सके। श्रीरामकथा में वह शक्ति है जो हमें परिवार से लेकर राष्ट्र तक की जिम्मेदारियों का बोध



कराती है। यह आत्मबल और संस्कारों की पुनर्स्थापना का सबसे प्रभावशाली माध्यम है।

अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि परिवार जीवन की पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चे न केवल बोलना और चलना सीखते हैं, बल्कि प्रेम, करुणा, त्याग, सहयोग और संस्कारों की शिक्षा भी प्राप्त करते हैं। परिवार एक ऐसी क्यारी है जहाँ मानवीय मूल्यों के बीज बोए जाते हैं, जो जीवनभर साथ निभाते हैं। यह एक ऐसी फुलवारी है जिसकी सुगंध से समाज में शांति, समरसता और समृद्धि का विकास होता है।

संयुक्त परिवार हमारी भारतीय परंपरा की रीढ़ हैं, जहाँ पीढ़ियाँ एक साथ रहकर जीवन के उतार-चढ़ाव को साझा करती हैं। बुजुर्गों का अनुभव, युवाओं की ऊर्जा और बच्चों की जिज्ञासा इन तीनों का मेल एक संपूर्ण और संतुलित पारिवारिक संरचना बनाता है। परिवार न केवल भावनात्मक बल देता है, बल्कि सामाजिक और मानसिक सुदृढ़ता का भी आधार है।

आज केवट जयंती के पावन अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा, ह्लकेवट वह अद्भुत भक्त है जिसने प्रभु श्रीराम से कुछ माँगा नहीं, बल्कि स्वयं प्रभु को ही माँग लिया। उसने सेवा को साधना, समर्पण को भक्ति और प्रेम को परम धर्म बना दिया।ह्व केवट की भक्ति हमें सिखाती है कि ईश्वर को पाने के लिए बाहरी साधनों की नहीं, बल्कि निर्मल हृदय, निष्कलंक सेवा और निष्काम प्रेम की आवश्यकता होती है।

आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति बहुत गौरवशाली है और हम उस पावन संस्कृति के अनुगामी है। इस प्राचीन धरोहर को पूरे विश्व में पहुंचाने का अद्भुत कार्य पूज्य स्वामी जी कर रहे हैं। देवों की पूजा करने के लिये हमें भी देव बनना पड़ता है। उन्होंने कहा कि परमार्थ निकेतन गंगा तट पूज्य संतों की तप ऊर्जा से ऊजार्वान है। हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम् की है। उन्होंने कहा कि अगर पूरा विश्व अपना परिवार न बने परन्तु अपना परिवार अपना बना रहे यही श्रीराम कथा से यह संदेश लेकर जाये। आज परिवार नामक संस्था बिखरती जा रही है इसलिये परिवार की जड़ों को संस्कारों से सिंचित करना होगा। हम भगवान से मांगते हैं और केवट ने भगवान को मांगा था यही उनके अवतरण दिवस में हमारे अन्दर भी यह विश्वास, भाव व समर्पण हो इसके लिये हमें पात्र बनाना होगा।

संत श्री मुरलीधर जी महाराज ने कथा के प्रथम दिवस पर कहा, श्रीराम जी ने अपने जीवन से हमें सिखाया कि धर्म क्या है, कर्तव्य क्या है और परिवार, समाज व राष्ट्र के प्रति हमारी भूमिका क्या होनी चाहिए। श्रीराम जी ने जीवन के प्रत्येक पड़ाव पर प्रेम, त्याग और संयम का परिचय देते हुए आदर्श व्यक्तित्व का निर्माण किया। चाहे वह पिता की आज्ञा का पालन हो, वनवास की कठिनाई, या रावण के आतंक का अंत हर चरण में श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में सामने आते हैं। आइये, इस अद्भुत रामकथा का हिस्सा बनें। कथा का श्रवण करें, जीवन को नवीन ऊर्जा दें, और प्रभु राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। श्रीरामकथा है आत्मा की गंगा इसमें डुबकी लगाकर जीवन को पावन बनाएं।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मीना मंच सुगमकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन





**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद व जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल के निर्देशन में एक दिवसीय मीना मंच सुगम कताओं की कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र भोजपुर पर आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भोजपुर के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय तथा कस्तूरबा विद्यालय से एक सुगम कर्ता, जिला नोडल पूनम शर्मा व ब्लॉक नोडल द्वारा प्रतिभाग किया गया। मीना मंच का संचालन प्रत्येक शनिवार को विद्यालयों में शुगम कर्ता के निर्देशन में कराया जाता है। मीना मंच के माध्यम से बालिकाओं के जीवन में व्यावहारिक पक्ष को आत्मविश्वास के साथ जीने के लिए तैयार करते हैं। शिक्षा के साथ-साथ बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा तथा अपनी बात कहने का माहौल प्रदान किया जाता है। खंड शिक्षा अधिकारी भोजपुर द्वारा बताया गया कि बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए मीना मंच एक अच्छा मंच है जिसके माध्यम से बालिकाओं को हर क्षेत्र में निपुण किया जाता है। पूनम शर्मा द्वारा मीना मंच से संबंधित सभी जानकारी साझा की गई तथा उनको आत्मविश्वास तथा सुरक्षित माहौल कैसे प्रदान करें इस पर विशेष रूप से चर्चा की गई। ब्लॉक मॉडल अनुराधा व सुचिता द्वारा अरमान माड्यूल, प्रगति के पंख, टूल 10, आधा फुल कॉमिक्स तथा उनके संवैधानिक अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला के अंत में सभी शुगम कताओं को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## उजागर फाउंडेशन के बैनर तले इंदिरापुरम की सोसाइटियों में रहने वाले स्वयंसेवियों ने की नगरायुक्त से मुलाकात

### इंदिरापुरम के टूटे साईकल ट्रेक, सड़कों के अतिक्रमण गंदे नालों व सड़कों के संबंध में की चर्चा

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** उजागर फाउंडेशन की अध्यक्ष शिवानी जैन व महासचिव सचिन सोनी के साथ इंदिरापुरम क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटीयों के निवासियों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात कर उन्हें अतिक्रमण, टूटे साईकल ट्रेक, बंद व टूटी पड़ी नालियों, सड़कों व क्षेत्र की साफ सफाई पर चर्चा की। फाउंडेशन की अध्यक्ष शिवानी जैन ने नगर आयुक्त को बताया की इंदिरापुरम क्षेत्र की सभी सोसाइटीयों के बाहर सड़कों पर अतिक्रमण आम बात है लेकिन शिप्रा विष्टा ओर श्रस्टि के बीच बनी सड़कों में से एक सड़क पर तो स्थायी अतिक्रमण जैसी स्थिति है फड़ संचालकों, (सब्जी विक्रेताओं) ने एक सड़कों को पूरी तरह बंद कर रखा है। शिप्रा निहो निवासी रोहित गुप्ता ने बताया की पूरे क्षेत्र में बनाये गए साईकल ट्रेक छोटे वाहनों, पैदल चलने के बजाए अवैध अतिक्रमण का कारण बन रहे है। अधिकतर साईकल ट्रेक टूट चुके है ओर जो शेष है। उनपर फास्ट-फूड, पान-सिगरेट, फल आदि की बिक्री की जा रही है। शिप्रा सृष्टि निवासी अंजू सिन्हा ने बताया की पूरे क्षेत्र में नालियां बंद है ओर जितनी शेष है वो भी टूटी हुयी है, ऐसी टूटी नालियों में बरसात के मौसम में भी पानी नहीं बहता बल्कि नाली बंद होने के कारण सड़कों पर पानी भर जाता है। फाउंडेशन के महासचिव सचिन सोनी ने बताया की नगर आयुक्त ने सारी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनने के बाद उपस्थित लोगों से कहा की वो इन समस्याओं के लिए संबंधित विभागों के अधिकारीयों से वार्ता कर जल्द ही आपका व अधिकारियों का एक समूह बनवाएंगे जिसमें आप अपनी समस्या ओर सुझाव उसमे साझा कर सकेंगे। नगर आयुक्त से मिलने वालों में अमर पाली विलेज राकेश कुमार, सुषमा गंगवार शिप्रा सनसिटी मुख्य रुप से रहे।

## समाजसेवी अजय गुप्ता ने की अपर आयुक्त ग्रेड-2 श्रीमती सरिता सिंह से शिष्टाचार भेंट



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** अपर आयुक्त ग्रेड-2 (वि.अनु.शा) राज्य कर गाजियाबाद जोन प्रथम गाजियाबाद, श्रीमती सरिता सिंह से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की, और उनको एक गाय माता का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और व्यापारियों की समस्याओं के बारे में उनको ज्ञात कराया कि मोहन नगर चेक पोस्ट के बाहर सेलटैक्स कर्मी एवं पुलिस वाले अकारण व्यापारियों को परेशान करते हैं और अवैध उगाई वसूली करते हैं, छोटे-छोटे पोर्टर वालों को रोककर, उन्हें डरा धमका कर पैसे वसूल करते हैं, ऐसी घटना 8 मई 2024 को मेरे साथ हुई, मात्र ₹23000 का सामान जिसका बिल भी पोर्टर वाले के पास था, उसको रोक कर उसे डरा धमका कर ₹4000 ले लिए गए। जिस गाड़ी में वह बैठे थे, उस गाड़ी का नंबर व.ढ.-32EG5772 था, आगे से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए श्रीमती सरिता सिंह के संज्ञान में लाकर अवगत करा दिया गया। उन्होंने पूरा आश्वासन दिया कि व्यापारियों के साथ अब भविष्य में ऐसी घटना कभी नहीं होगी, उनके इस कथन पर हम उनका सम्मान करते हैं।

## वरूणवी गुप्ता ने सीबीएसई बोर्ड दसवीं की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर बनी स्कूल टॉपर



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** जनपद गाजियाबाद की वरूणवी गुप्ता ने हैदराबाद के स्कूल में अपनी पढ़ाई करते हुए जनपद गाजियाबाद का नाम रोशन किया है। वरूणवी गुप्ता ने दसवीं की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। 97.2 प्रतिशत अंक लाकर वरूणवी गुप्ता ने अपने स्कूल में टॉप किया है। वरूणवी गुप्ता के पिता एक सरकारी नौकरी में हैं और वह वर्तमान में हैदराबाद में कार्यरत है। वरूणवी गुप्ता की पढ़ाई हैदराबाद के एक प्राइवेट स्कूल में चल रही है। दसवीं कक्षा के मंगलवार के रिजल्ट में वरूणवी गुप्ता ने अपने स्कूल में सर्वाधिक अंक लाकर टॉप किया है। वरूणवी गुप्ता ने अंग्रेजी में 100, हिन्दी में 97, गणित में 98, विज्ञान में 95 और सोशल साइंस में 96 अंक हासिल हासिल कर अपने घर व परिवार का नाम रोशन किया है।

## परिवहन विभाग द्वारा अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही




हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के कायार्लाय द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रदेश में अनधिकृत रूप से चल रही टूरिस्ट बसें जो अनुमन्य मार्गो पर संचालित होने के साथ इतर मार्गों पर भी संचालित होकर परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रही हैं एवं निजी वाहन जो व्यावसायिक परिवहन के रूप में प्रयोग किये जा रहे हैं तथा निजी बस तथा मिनी बस टैक्सी/टैम्पो आदि जो अवैध रूप से संचालित कर यात्रियों को 100 किमी या उससे अधिक यात्रा करा रही है, के विरूद्ध परिवहन विभाग द्वारा एक प्रभावी अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया। यह अभियान दिनांक 15 मई, 2025 से 17 मई, 2025 तक चलाया जाए, साथ ही बताया गया कि उक्त अभियान में उ०प्र० राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारी सहयोग प्रदान करेंगे व जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक से भी समन्वय कर आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान कर लें। आदेशों के क्रम में चल रहे तीन दिवसीय अभियान के मद्देनजर एवं निदेशों के अनुपालन में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ अनाधिकृत संचालन के विरूद्ध अभियान चलाया गया, उक्त अभियान के अंतर्गत निजी प्रयोग में पंजीकृत होकर व्यवसायिक प्रयोग में संचालित पाई गई 12 वाहनों के साथ-साथ 11 बसों को भी जब्त किया गया। उन वाहनों पर रू० 3.50 लाख का जुमार्ना लगाया गया।

## श्रीमती रामकली देवी को कंडेरे करन समाज ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** भडोला गांव, आदर्श नगर दिल्ली-33 निवासी योगेश कुमार गौड की माता जी श्रीमती रामकली देवी जी की महावीर मंदिर इंदिरा नगर दिल्ली-110033 के भजन सभागार में शोकसभा और श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के दूर-दराज से समाज सेवी शामिल हुए गाजियाबाद से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाज सेवी विरेन्द्र कंडेरा ने श्रृद्धांजलि अर्पित की और इनके अलावा सम्पूर्ण कंडेरे करन करण महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालेराम करन, महासचिव योगाचार्य सुरेश सिंह कर्णवंशी एवं श्री नेमसिंह करन दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, सेवादल रामवीर नागर उपाध्यक्ष, कालीचरण करन संरक्षक और बिजेंद्र कर्ण लेखा परीक्षक एवं कुक्कू राम करन एवं राजेश करन संगठन सचिव, के पी सिंह करन ,राजकुमार करन, सतीश कुमार, संजय गौड़ एवं कल्लू राम गौड़, रामवीर नागर, कन्हैया गौड, ओमप्रकाश गौड़, मुकेश करन कोषाध्यक्ष करन समाज कल्याण संगठन के अध्यक्ष गजराज करन, संरक्षक नानक चंद, विनोद कुमार कण्डेरे करन समाज कल्याण संगठन के संरक्षक कंछी लाल, संगठन सचिव पम्मी करन, तेजवीर करन गाजियाबाद इनके अलावा समाज के वरिष्ठ श्रेष्ठ समाज सेवियों ने और गणमान्य लोगों ने और हमारे समाज की गायत्री पवार, संतोष करन, सावित्री पवार, गीता करन, ज्योति करन, मुकेश करन, हरीश करन, सुनीता करन, बबली करन इत्यादि मातृशक्ति बहनों ने भी शोकसभा, श्रृद्धांजलि सभा में शामिल होकर नम आंखों से भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित की और पंचतत्व में विलीन दिवंगत आत्मा की शान्ति के ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 2 मिनट का मौन धारण रखा।

## मुख्यमंत्री ने पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक की

# ग्राम पंचायतों के सभी कार्यों में पारदर्शिता को दें बढ़ावा: योगी



- मुख्यमंत्री योगी बोले– ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर होंगी तो प्रदेश के ग्रोथ में और तेजी आएगी
- मुख्यमंत्री ने कहा– ग्राम सचिवालय को नीति आयोग ने एक मॉडल माना है

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय की अवधारणा को नीति आयोग ने एक मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। प्रदेश के सभी पंचायत भवन ग्राम सचिवालय के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह पंचायतीराज व्यवस्था को नई पहचान देने वाला परिवर्तन है। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें के कार्यों में पारदर्शिता को बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों की आत्मनिर्भरता ही प्रदेश के सतत विकास का आधार बनेगी। इसके लिए ग्राम स्तर पर कार्यरत सभी व्यवस्थाओं को सशक्त, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना आवश्यक है। सरकार इसी दिशा में मिशन मोड में कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने अमृत सरोवरों के रखरखाव, वृक्षारोपण और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दौरान ड्रेनेज का पानी अमृत सरोवर या अन्य तालाबों में न पहुंचे। इसके लिए गांव के बाहर उचित निकासी की व्यवस्था की सुनिश्चित की जाए। तालाबों के पट्टे आवंटित करने की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाए और तालाबों को 3 से 5 वर्षों के लिए पट्टे पर दिया जाए और उससे प्राप्त राजस्व का उपयोग ग्राम विकास में किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब आवंटन, रखरखाव और उनके उपयोग के लिए पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग और मत्स्य विभाग को समन्वित कार्य योजना एक निश्चित बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाब केवल जल स्त्रोत नहीं, बल्कि ग्राम्य संस्कृति के वाहक हैं। उनकी डिसिल्टिंग समय रहते कर ली जाए। रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था ग्राम सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में अनिवार्य रूप से हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार स्मार्ट विलेज की अवधारणा को प्राथमिकता दे रही है। इसके अंतर्गत ग्राम सचिवालय, कॉमन सर्विस सेंटर, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानें, उत्सव भवन, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और सोलर स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे ग्रामीणजन के ईज ऑफ लिविंग में व्यापक सुधार आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना लोगों को अपनी जड़ों से जुड़ने का एक अवसर प्रदान कर रही है, इस योजना के माध्यम से लोग विकास कार्यों में कुछ धनराशि व्यय कर प्रदेश के विकास में सहभागी बन रहे हैं। इस क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि अंत्येष्टि स्थल उपयुक्त स्थल पर बनाएं जाएं ताकि अधिक से अधिक ग्रामजन के उपयोग में यह स्थल आ सकें।

### ग्राम सचिवालय क्रांतिकारी प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 57,695 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना हो चुकी है, जो लोकतंत्र की अवधारणा को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन सचिवालयों में स्थापित कंप्यूटरों के माध्यम से पंचायत गेटवे पोर्टल से जुड़ी समस्त धनराशियों का भुगतान हो, जिससे पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो।

### डिजिटल पहलों की सराहना की

मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कॉल सेंटर, ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली, 10–सीटर कॉल सेंटर की स्थापना, ग्राम सचिवालय की जियोफेंसिंग और इंटरनेट कॉलिंग जैसी डिजिटल पहलों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि ग्राम सहायकों को 15 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिया जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों के कार्यों की निगरानी के लिए इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का अधिकतम उपयोग हो।

### ग्रामीण स्वच्छता को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए कहा कि सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई और देखरेख सुनिश्चित हो तथा संबंधित कर्मचारियों को समय पर मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 96,171 राजस्व ग्रामों में से 90,891 ग्राम ओडीएफ प्लस घोषित हो चुके हैं। शेष ग्रामों को शीघ्रता से इस स्थिति में लाया जाए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्ण प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा प्लास्टिक प्रबंधन इकाइयों के समयबद्ध निर्माण के निर्देश दिए। इस संबंध में अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि 150 प्रस्तावित इकाइयों में से 89 पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 33 निमार्णाधीन हैं, जिन्हें समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जा रहा है। उन्होंने गोबरधन योजना की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि 75 जनपदों में से 73 में 115 गोबरधन प्लांट बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि शेष 2 जनपदों में 2 इकाइयां निमार्णाधीन हैं, जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।

# और बढ़ेगी गन्ने की मिठास

## चीनी मिलों का आधुनिकीकरण, डिस्टलरी प्लांट, सल्फर मुक्त चीनी का उत्पादन बन रहा है जरिया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 50 लाख से अधिक गन्ना उगाने वाले किसानों के परिवारों में गन्ना और मिठास घोलेगा। इसके लिए योगी सरकार-02 में अगले पांच साल के लिए मुकम्मल रणनीति तैयार की थी। समग्रता में बनी इस रणनीति में मिलों का आधुनिकीकरण, डिस्टलरी प्लांट, सल्फर मुक्त चीनी का उत्पादन से लेकर गन्ने के उपज से लेकर रकबा और चीनी का परता बढ़ाने पर चरणबद्ध तरीके से जो कार्ययोजना तैयार की गई थी उसपर लगातार अमल हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस पर सीधी नजर है। समय समय पर वह इसकी समीक्षा भी करते हैं। मई के पहले हफ्ते में विभागीय समीक्षा के दौरान उन्होंने तय कार्ययोजना की प्रगति जानने के साथ कई निर्देश दिए थे। इन सारे प्रयासों का नतीजा भी रिकॉर्ड उपलब्धियों के नजर आ रहा है।

आठ साल में 2,85,994 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी है सरकार

योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के पहले गन्ना मूल्य का बकाया संबंधित किसानों के लिए बड़ी समस्या थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गन्ना उत्पादक जिलों में तो यह राजनीति की दशा एवं दिशा तय करती थी। योगी सरकार ने अपने पहले ही कार्यकाल से इसपर सर्वाधिक फोकस किया। भुगतान की प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाया। नतीजतन उनके कार्यकाल में अब तक गन्ना किसानों को 2,85,994 करोड़ रुपये का भुगतान हो चुका था। यह 1995-2017 के 2,13,520 करोड़ रुपए की तुलना में 72,474 करोड़ रुपए अधिक है। वर्ष 2024-25 में निर्धारित 34,466.22 करोड़ में से 83.8 फीसद (2,85,994 करोड़ रुपए) का भुगतान हो चुका था। सरकार भुगतान चक्र को और सुचारु बनाने का भी प्रयास कर रही है।

### आठ साल में 44 फीसद बढ़ा गन्ने का रकबा

समयबद्ध और पारदर्शिता पूर्ण भुगतान की वजह से गन्ने की खेती की ओर किसानों का आकर्षण बढ़ा है। आठ साल में खेती के क्षेत्रफल में करीब 44 फीसद की वृद्धि इसका प्रमाण है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गन्ना क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर हुआ गन्ने के क्षेत्रीय विस्तार की 2016-17 में गन्ने की फसल का क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था, जो 2024-25 में बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर हो गया है। या वृद्धि 8.97 लाख हेक्टेयर या 44 फीसद की है। इसी अवधि में प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 72.38 टन से बढ़कर 84.10 टन तक पहुंच गई। मुख्यमंत्री के मुताबिक प्रदेश में गन्ने के उत्पादन और उत्पादकता में दो गुना वृद्धि की पूरी संभावना है। इसके लिए सुनियोजित प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए भुगतान की पारदर्शिता एवं समयबद्धता के तकनीक आधारित नवाचार की जरूरत है। यूं भी विभाग गन्ने की खेती को और लाभदायक बनाने के लिए सीजन के अनुसार सहफसली खेती के प्रति किसानों को लगातार जागरूक कर रहा है।

### एथेनॉल उत्पादन के उत्पादन में देश में नंबर वन है यूपी

एथेनॉल की वजह से एक्सपर्ट्स गन्ने को भविष्य का ग्रीन गोल्ड कहते हैं। जिस तरह भविष्य में की जरूरत बढ़नी है उसके लिए ऊर्जा सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए एथेनॉल का उत्पादन बढ़ाना अपरिहार्य है। साथ ही गन्ने की खेती को किसानों के लिए लाभकारी बनाने के लिए भी जरूरी। विभागीय समीक्षा बैठक में भी मुख्यमंत्री ने ईंधन मिश्रण में एथेनॉल अनुपात बढ़ाने की योजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश दिए थे। इन्हीं सब संभावनाओं के मद्देनजर योगी सरकार इसका उत्पादन बढ़ाने पर लगातार जोर भी दे रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2023-24 में राज्य की 102 सक्रिय डिस्टिलरियों से 150.39 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ है। साथ ही, निजी निवेश से 6,771.87 करोड़ रुपये की लागत से अतिरिक्त 105.65 करोड़ लीटर उत्पादन क्षमता स्थापित की जा रही है। 2017 में योगी सरकार ने सत्ता संभालते ही किसानों को मुख्य एजेंडे में रखते हुए सभी बंद पड़ी चीनी मिलों को शुरू कराया साथ ही डेढ़ दर्जन से अधिक चीनी मिलों की क्षमता बढ़ाई। पिपराइच, मुंडरेवा, रमाला में नई चीनी मिलें शुरू कीं।

# जीडीए द्वारा अवैध कालोनियों पर की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही





**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अवैध निमार्णों पर सख्त कार्यवाही किये जाने के निदेर्शों के क्रम में गुरुवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-1 के नेतृत्व में अशोक जैन द्वारा राजस्व ग्राम-मोरटी के खसरा सं०-600 के लगभग 5000 वर्ग०मी० क्षेत्रफल पर पूर्व निर्मित मिट्टी की सड़क के दोनो तरफ अवैध प्लाटिंग करते हुए बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया गया, परन्तु स्थल पर स्वीकृत मानचित्र नही दिखाया गया। एवं अंकुर, संजू पुत्र सीताराम एवं श्री सुनील द्वारा राजस्व ग्राम-नूरनगर सिहानी गाजियाबाद के खसरा संख्या-835 पर लगभग




25000 वर्ग०मी० में पूर्व निर्मित सीवर एवं स्थल पर मिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा था। उक्त दोनों अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी, ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय कोलोनाईजर/ निर्माणकताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-1 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। साथ ही जनसामान्य से अपील की गई कि इस तरह के अवैध कालोनियों में भवन/भूखण्ड क्रय ना करे । उपरोक्त कॉलोनियों के ध्वस्तीकरण के दौरान सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-1 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ता उपस्थित रहे। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# निट्रा टेक्निकल कैंपस में हुआ विदाई समारोह 2025





हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** निट्रा टेक्निकल कैंपस में दिनांक 15 मई को बी टेक 4थ ईयर बैच 2021-2025 के विद्यार्थियों के लिए एक भावुक एवं भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्थान के डायरेक्टर जनरल डॉ. एम. एस. परमार, डायरेक्टर डॉ बी के शर्मा एवं समस्त फैकल्टी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2 बजे फुटबॉल ग्राउंड में हुई, जहाँ तीसरे वर्ष के छात्रों द्वारा अपने सीनियर्स के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।



स्वागत गीत, नृत्य और मनोरंजक नाटक ने सभी का मन मोह लिया। मंच की सुंदर सजावट और छात्रों का औपचारिक/पारंपरिक परिधान वातावरण को और भी खास बना दिया। मुख्य अतिथि डॉ. एम. एस. परमार ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्रों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विदाई एक अंत नहीं, बल्कि नई यात्रा की शुरूआत होती है। आप सभी निट्रा टेक्निकल कैंपस के गौरव हैं और हमेशा रहेंगे। डॉ बी के शर्मा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाये प्रेषित की साथ ही कहा की अपने निट्रा टेक्निकल कैंपस और गाजियाबाद का नाम रोशन करें । फैकल्टी सदस्यों ने भी विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। छात्रों ने कॉलेज में बिताए पलों को साझा करते हुए अपने शिक्षकों और साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री को मिला राष्ट्रीय वेदांग वैभव सम्मान, ब्राह्मणों द्वारा यजमान को राष्ट्रसेवा का संकल्प कराने का आवाहन

हिन्द आत्मा संवाददाता

**मोदीनगर।** देश के तपस्वी संतों, जगद्गुरु स्वामी देवादित्यानंद सरस्वती जी महाराज, अनंतश्री विभूषित आनंदपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री स्वामी बालकानंद गिरी जी महाराज, अनंतश्री विभूषित महामंडलेश्वर 108 श्री स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज (मैनपुरी), परमपूज्य दंडीस्वामी श्री जितेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज (राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय संत समिति) आदि के आशीर्वाद और छत्रछाया में संचालित किए जा रहे पुजारी संघ और उसकी सहयोगी संस्थाओं सत्य सनातन ब्राह्मण महासभा दिल्ली, धर्म समाज, अखिल भारतीय संत समिति, सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, जय परशुराम सनातन सेवा संघ दिल्ली प्रदेश के सहयोग से ऐतिहासिक श्री रघुनाथ मंदिर दिल्ली के सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में श्रीपीतांबरा विद्यापीठ सीकरीतीर्थ के अधिष्ठाता एवं राष्ट्रीय ज्योतिष परिषद के अखिल भारतीय अध्यक्ष आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री को राष्ट्रीय वेदांग वैभव सम्मान से अलंकृत किया गया।

सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि ब्राह्मण अपने तप से धरा के कष्ट नष्ट करने के लिए दृढ़निश्चय होकर कोई भी पूजापाठ कराते समय प्रत्येक यजमान को राष्ट्रसेवा का संकल्प अवश्य कराएं। अपने संपर्क में आने वाले सभी नागरिकों को राष्ट्रसमृद्धि के लिए जाग्रत करें तथा देश में सुख समृद्धि और वैभव की कामना से, सीमाओं और देश में व्याप्त अशांति के नाश के लिए जप करें, तप करें और मां भारती के शत्रुओं के विनाश के लिए यज्ञरत रहें। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि देश के तपस्वी सनातन के पुत्र यदि स्वयं जाग्रत होकर देश को प्रकाशित होने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज ऋषियों ने वेदों के माध्यम से जो वर्ण व्यवस्था स्थापित की थी, उसमें सब ब्रह्म की संतान होने के कारण ब्राह्मण कहे गए। तप करके सर्वकल्याण को समर्पित होने





वाले ब्राह्मण कहलाए, उन्हीं के वे परिजन, जो तपस्वियों की रक्षा में जुटे, वे क्षत्रिय कहलाए, जो यज्ञ आदि की आवश्यकताओं की पूर्ति में जुटे, वे वैश्य कहलाए और जो सेवा तथा आवश्यक तकनीकी की पूर्ति में रहे, वे शूद्र कहलाए। ये चारों सवर्ण हैं। वेदों ने इनमें से किसी को अवर्ण या कमतर नहीं कहा है। सभी एक ही परिवार के चार भाई हैं। इसलिए बिना किसी ईर्ष्या और द्वेष के साथ रहकर एक दूसरे से सहकार करके आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर रहें। उन्होंने कहा कि आचरण की सभ्यता हो सर्वोत्तम सभ्यता है। जातियां ट्रेड्स की पहचान मात्र हैं, इनमें मत उलझिए और एक रहिए।

पुजारी संघ के संरक्षक पं.शुभेष शर्मन ने कहा कि केवल सनातन ही सबके कल्याण का भाव रखता है। सभी के सुख की कामना करता है और तपस्वियों द्वारा संरक्षित धर्म है। धर्म की रक्षा से ही सबकी रक्षा हो सकती है अतः निष्ठापूर्वक धर्म की रक्षा करना सबका संकल्प होना चाहिए। जब तक धर्म है, तब तक विजय है। इसलिए वेदों द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी मंदिर प्रकोष्ठ के दिल्ली प्रदेश संयोजक, विधायक करनैल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज को एकजुट करने के उद्देश्य में जुटे मंदिरों के पुजारियों को वेतन के मुद्दे पर कृतसंकल्प है। पुजारियों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। दिल्ली के विधायक डॉ.अनिल गोयल ने कहा कि सरकार से सभी पुजारियों के लिए विशेष सहायता और वेतन की मांग की जाएगी और यह संकल्प हरसंभव पूर्ण किया जाएगा। निगम पार्षद संदीप कपूर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

पुजारी संघ के अध्यक्ष पं. गिरधारी लाल शर्मा ने कहा कि पुजारी संघ मंदिरों के पुजारियों के अधिकारों, उत्थान और सामाजिक सांस्कृतिक सम्मान के लिए कार्यरत है। जो पुजारियों को धार्मिक प्रशिक्षण, विभिन्न योजनाओं की जानकारी और सहायता प्रदान करता है। साथ ही समय समय पर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के द्वारा एकता, सहयोग और समृद्ध जीवन हेतु प्रेरित करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। वेद, वेदांग और ऋषि परंपरा पर विद्वानों का परिसंवाद हुआ। धर्मशास्त्र पर विद्वानों के प्रवाचन हुए। धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां संपन्न हुईं और पधारे विद्वानों का सम्मान किया गया। इससे पूर्व दिल्ली के सुप्रसिद्ध रघुनाथ मंदिर में राष्ट्र शक्ति संवर्धन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्र रक्षा और भारत वीरों की विजय की कामना की गई। यज्ञ से पूर्व देवी भगवती अम्बा की स्तुति, श्रीराम रक्षा स्तोत्र, श्री दुर्गा कवच और हनुमान चालीसा का पाठ भी सामूहिक रूप से किया गया। इस अवसर पर पं. ब्रजवासी, पं दुलीदत्त शर्मा, शशिकांत शर्मा, पं.ललित गोस्वामी, पं.लव शर्मा, आचार्य विनय जोशी, पं.अमित कटारा, पं. रमेश चंद व्यास, आचार्य मनोज पंत, आचार्य माणिक, आचार्य पवन शर्मा, आचार्य अंशुल शर्मा, आचार्य कृष्ण कुमार भारद्वाज, पं.परमानंद ब्रजवासी, पं.महेंद्र शर्मा, पं. उमेश कुमार शर्मा, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, आचार्य लवकुश पांडे, पं कृष्णकांत कौशिक, पं प्रेम प्रकाश शर्मा, पं राम कुमार शास्त्री, पं खेम चंद शर्मा, पं लीलाधर गौतम, आचार्य तुषार शर्मा, आचार्य नितिन शर्मा, आचार्य अनुराग तिवारी, आचार्य सतीश भारद्वाज, आचार्य गिरिजाशंकर शर्मा, आचार्य मनोज तिवारी, आचार्य वसंत भट्ट, आचार्य विनोद पांडेय, आचार्य किशन जोशी, आचार्य कमलनयन पांडेय, पं.डीपी शास्त्री, पं.अजय गौतम, पं.राम गोपाल शुक्ला, पं.संजय गौतम, श्रीमती रीमा गौतम, पं.अमित शर्मा, संरक्षक पं. सुभेश शर्मन, अध्यक्ष आचार्य पं. गिरधारी लाल शर्मा, महासचिव आचार्य पं. तारादत्त मिश्रा, कोषाध्यक्ष आचार्य ललित शर्मा एवं आचार्य अंकितानन्दगोस्वामी, संगठन मंत्री आचार्य पं.सर्वेश दुबे, सह-सचिवगण आचार्य पं.हरगोविंद अवस्थी, आचार्य पं.अमित कटारा और आचार्य पं.मदन मोहन शर्मा, प्रवक्ता आचार्य पं.संतोष आत्मानंद आदि उपस्थित रहे।